तें वेदकों अर्थता आई प्रश्न ज्ञान कांड माराजा
य तो माराजाय तो माराजाय ऊैर वेदकोंभीअ

र्थता आवे काहेतें वेदभी संघात ही है और जो तुम
पृ. कहो वेद चैतन्य है तो एक चैतन्य हुवा और एक वे
५२ द चैतन्य हुवा है ता पत्ति हुई इस्सें जो वेद कों मा
42 न तेहो तो वेद का कर्त्ता ईश्वर है ईश्वर को क्यों ना।
ही मानते उत्तर सतवादी हम ईश्वर कोंभी नहीं।
मानते और हमारे द्वैता पतिभी नहीं होती अद्वैत
हि सिद्धांत होहे और जो हम ईश्वर कों मानें तो ईश्व
र सत्य मानने विषे संपूर्ण प्रपंच कों सत्य आवेहै
काहेतें सच्चेका रचा सच्चाही हुवा चाहिये प्रश्न ईश्व
रतो ध्यानादिक व्यापार करके ब्रह्म स्वरूपही प्राप्त।
होहे तुम कैसें कपोल कल्पित अभाव करो हो
उत्तर श्रुति प्रमाण है यन्मनसा नमनुते येनाहु।
र्मनोमतं तदेव ब्रह्मत्वं विद्धि नेदं यदिद मुपासते
इत्यादि श्रुतेः इसका अर्थ कहे हैं जो मन करके न
जाना जाय और जिसकरके मन जानिये ऐसा कहें हैं
तिसही कों ब्रह्म तूं जान और जो इदं करके उपासना
करें है सो ब्रह्म नहीं है इसकों आदिले कर अनेका
श्रुतियां कहें हैं प्रश्न जो तुम ईश्वर कों नहीं मान
ते तो वेद कों क्यों मानते हो उत्तर वेद तो प्रपंच के
निषेध परहे केवल ज्ञान मात्र कों कहें हैं प्रश्न
ज्ञान मात्रही किसही प्रकार कहैं हैं कर्म उपासना
कोंभी तो कहें हैं उत्तर हम कर्म और उपासना कों।
साधन कोटि विषे मानें हैं प्रश्न इस विषे कोई दृ।

ष्टांत कहो उत्तर दृष्टांत कहैं हैं जैसें किसी पुरुषनें।
राजाके बुलावने की इच्छा करी अपनें स्थान विषे सो
प्रथम उसनें स्थानकों बुहारा और पीछे गद्दी तकिया
लगाया तब राजा आन कर बैठा है दार्ष्टांत कहैं हैं
कि मुमुक्षु रूपी पुरुषनें ज्ञान रूपी राजाके बुलाव
ने कों इच्छा करी बुद्धी रूपी स्थान विषे तहां कर्मा
के करने रूपी तो बुहारी दीनी है और उपासना रूपी
गद्दी तकिया लगाया है तब ज्ञान रूपी राजा आन।
करके बैठा इसी प्रकारण तें हम वेद कों मानते हैं
जो वेद कों नहीं मानै तो श्रवणादिक मारे जावे हैं
और श्रवणादिक विना ज्ञान होता नहीं इसें वेदकों
अर्थता आवेगी प्रश्न वादीनें कहा कि हम वेद कों
नहीं मानते वेदनें क्या प्रयोजन है उत्तर भला जो तें
वेदकों नहीं मानता तो अपनें आपकों तो मानें है
वादीने कहा कि हां आपकों तो मानें हैं सिद्धांती नें।
कहा कि भला जो आपकों मानें है तो बताव तूं कौन
है वादी नें कहा कि मैं देह हूं तब सिद्धांती नें कहा
कि देह तो पंच भूतों का विकार है जड और अनित्य
और दृश्य है फेर वादी नें कहा कि मैं इंद्रियां हूं सि। पंच
द्धांतीनें कहा कि इंद्रियां भी अपंची कृत भूतों का।
कार्य और दृश्य और जड हैं कि पंच भूतों के सतोगु।
ण अंश ते ज्ञान इंद्रियां और रजो गुण अंशतें कर्म इं।
द्रियां हुई हैं फेर वादी ने कहा कि मैं प्राण हूं तब।
सिद्धांती नें कहा कि प्राण भी पंच भूतों के समष्टि र

जोगुण अंशोंतें भये हैं और दृश्य अनित्य जड है औ
पृ. र प्राण पांच है और तूं एकहैं और प्राण कर्मो के आ
५३ धीन है तब वादी नें कहा कि में मनहूं सिद्धांतीने
43 कहा कि मनभी पंच भूतों के समष्टि सतो गुण।
अंशोंतें उत्पन्न हुवा है याहीतें दृश्य है जडहै औरअ
नित्य तब वादी बोल्या कि में आपकों नहीं जानता
कि क्याहूंम सिद्धांती नें कहा कि भला तूं आपकों
तो नहीं जानता परंतु भाव रूप कुछ्कु वस्तु तोहै तूं
अभाव रूपतो नहीं वादीनें कहाकि हांहूं तो सही।
कुछ सिद्धांती नें कहा कि नहीं जानता कहिये अज्ञा
न सोई कारण है तिस्का जाननें वाला तूंही है तेरेहि
नें विषे वेद प्रमाण है सोई कहैं हैं प्रज्ञान मानंद ब्र
ह्म अयमात्मा ब्रह्म इस्का अर्थ कहैं हैं शब्दस्पर्श
रूप रस गंधकों जो प्रकाशै सो आनंद ब्रह्म है या
ही आत्मा ब्रह्म है प्रश्न वादी नें कहा कि देखलो।
फेर वेद प्रमाण आया स्वतः प्रमाण नहीं बना।
उत्तर वेद शास्त्रादिकों का साक्षी कहैं हैं इदं करके।
तो नहीं कहता कि क्या रूपहै इतियुक्ती स्वतः प्र
माण परतः प्रमाण के निर्णयकी पूर्ण हुई २५ दृ
ष्टांत कहैं हैं एक हेडी शिकार लेकर के राजाके
पास गया राजा कों कहा किमहाराज में शिकारल्या
या हूं तुम्हारे पास आप चल करकें शिकार कों।
मारिये तब राजानें शिकार मारनें की इच्छा करी।
और रथ मंगवाया और उस रथ विषे घोडे जोडे औ

और बाण और पकड़ लीनी उस्को पूछा कि क्या शिकार है ॥ २

र सारथी को चढ़ाया फेर धनुष और बाण लेक
करके रथ विषें बैठा, और कहा है उसने कहा कि
महा राज हिरनी है और यह तुम्हारे सन्मुख है।
तब राजानें क्या किया कि धनुष के उपर चिल्ला
चढ़ा करके बाण मारा बाणके मारेनें ही हिर
नी स्वर्णकी होगई और दोबच्चे देदिये दोनों बच्चे
कूदनें लगे उस हिरनी का आश्रम जोथा सोप
थरका होगया और उन्के माता पिता का खोजनंही
पाया और जो बाण हिरनी के मारथा सोई बाण
उलटकें राजाके लगा राजाकारथ लय होगया
और वह अहेड़ी भीमर गया और राजाकी जो से
नाथी सोभी मरगई और जोदेखनें वालेथे सोस
भ मरगये इतनें में दोगुरु चेला आगये गुरुके
चरण पकड़े चेले नें और चरण पकड़नें ही गु
रु उठा और गुरुके साथ चेला भी उड़गया ऐसा
स्वप्न भया अब दार्ष्टांतिक कहें हैं अहेड़ी रूपी मु
मुक्षु व्यवसा यात्मक बुद्धी रूपी शिकार लाया
और राजारूपी नी गुरों के सन्मुख खड़ा हुवा औ
र शिकार बतावनें रूपी प्रश्न किया तब राजा
रूपी गुरु संधान रूपी रथ विषे बैठ कर के स
माधान हुवे क्योंकि संधान रूपी रथ विषे इंद्रि
यां रूपी घोड़े हैं और बुद्धी रूपी सारथी है औरम
~~न रूपी घोड़े हैं और बुद्धी रूपी सारथी है~~ औरमा

न रूपी बाग डोरहै और विषयस्थानी मार्ग है जब
शु. गुरु रूपी राजा नें वेद रूपी धनुष हाथ विषै लिया
उपनिषद् दर्शट रूपी [illegible] रूपी विला वज्र याभैवि
44 चार रूपी बाण और युक्ति रूपी भाल है जिस वि
षै तत्व ज्ञान रूपी बल लगाय कर कै बाण मारा
हिरनी रूपी व्यवसा यात्मक बुद्धी कों बाण मारा।
नेस्थानी उपदेश किया उपदेश करतें ही कंचनरू
पी शुद्ध होगई ज्ञान और वैराग्य रूपी दोपुत्र भये।
सो पुत्र आनंद रूपकहे हैं उसका आश्रम बुद्धिका
जो अंतः करणथा सो पत्थरस्थानी क्या भया कि
जिस विषै संकल्प विकल्प नहीं फुरना और इंद्रियां
प्राण मन और देह रूपी कुटुंब बुद्धि कासभ मरग
या और अविद्या रूपी माता और विचार रूपी पितादो
नोंका ठिकाना नहीं लगा कि दोनों का अभाव हो
गया जोहोते तो पावते जो विचार रूपी बाण अव
सायात्मक बुद्धिकै माराथा सोईबाण गुरु रूपीरा
स्य ^ जा विषै लैहोगया और राजाके ^लै होनें स्थानी स
माधि स्थित होगये गुरु रूपी किगुरु यथा स्थित
होगये और अहेडे रूपी अहंकार ममत्वका मरग
याकि जिसको जीव कहैं हैं और राजा रूपी गुरोंरू
की सेना स्थानी श्रवण मनन निदि ध्यासन रू
पी सेना लय होगई और शिकारके देखनें वाले
स्थानी अन्य शास्त्र वादी सभभाग गये किउनका

सिद्धांत नहीं बनां इस विचार विषे दोगुरु शिष्या
रूपी विकल्प आयेथे सो शिष्य नें प्रश्न रूपी हा
थ करके ब्रह्म रूपी श्रद्धा करी सोई चरण पक
डे सोगुरु शिष्यके उत्तर रूपी दोनों केभव हार
लय होगये ऐसा ब्यवहार अज्ञान रूपी स्वप्न वि
षे होवे है प्रश्न बुद्धि तो अनेक विकल्पों करके
अनेक होवें हैं एक बुद्धि का प्रमाण कहां है उत्त
र गीता विषे भगवान् का वचन प्रमाण है सोईक
हैं हैं व्यवसा यात्मिका बुद्धि रेकेह कुरु नंदन बा
हुशाखा ह्यनंताश्च बुद्धयो व्यवसा यिनां इसका अ
र्थ कहैं हैं हे अर्जुन व्यव सायात्मक बुद्धि मुद्दस
तो गुणी इस जगत् विषे एकही है और पुरुषार्थ
रहित पुरुषों की बहुत अनंत शाखा है जिनकी
अनंत बुद्धियां हैं प्रश्न ज्ञानी पुरुषके संचात रूपी
सामग्री काहेतें उदय हुई और इस विषे प्रमाण क्याहै
उत्तर विवेकी के संचित कर्म ज्ञान रूपी अग्नि करके
नाश होगये और तिनके संग ज्ञानके पूर्वकाल के इ
स देह विषे किये हुवे भी नाश होगये और ज्ञानतें
उत्तर कालके कर्म स्पर्श करतेंही नहीं ज्ञानी कों का
हे ते किसंचित कर्म अज्ञान के आश्रय थे और क्रि
यमाण कर्म अहंकार के आश्रय होवें हैं सो अहं
कार कानाश होगया इसें स्पर्श नहीं करते और

पृ॰ ५५

प्रारब्ध कर्म देहके आश्रय है इसतें ज्ञानीकी दृष्टि विषे मिथ्या भासै है सो गुरुमुख के प्रश्न करने तें संशय उदय होगया और प्रमाणभी श्रवण कर ज्ञानिनो ब्रह्मात्म ज्ञाने जातेतेन बाधि तस्यापि संचित कर्मणः प्रारब्ध फलस्य कर्मणो अबाधित्वं अत एव ज्ञानिन स्तु प्रारब्ध वेग वशात् देहादि प्रति भासते इसका अर्थ कहे हैं ज्ञानियों को ब्रह्मात्म ज्ञान प्राप्त होतसेतें तिस ज्ञान करके नाश हुवे भी संचितकर्म प्रारब्ध फल कर्मोंका अबाधित्व है याहीतें ज्ञानीको तपुनः प्रारब्ध वेगके वशतें देहादिक भान होहै प्रश्न तोज्ञानी के कुछ अपेक्षा रही है शिष्यको उपदेश करे है उत्तर ज्ञानी कोतो कुछभी अपेक्षा नहीं है शिष्यके प्रश्नको श्रवण करके उपदेश करै है प्रश्न कोई दृष्टांत कहो तो तुम्हारा मानैं उत्तर दृष्टांत कहै हैं जैसें नगारेको बोलन की अपेक्षा नाहीं है शब्द करके रहित है परंतु जोकोई डंका मारै तो शब्द होवै दार्ष्टांत कहै है तैसैही नगारे रूपी ज्ञानी पुरुष अपेक्षा रहित स्थित है परंतु कोई मुमुक्षु रूपी पुरुष प्रश्न रूपी डंका मारै तो ज्ञानी रूपी नगारे तें शब्द होवै है विना प्रश्न केतो निर्विकारहीं स्थित है और जो तैंनें प्रमाण पूछाथा सोभी श्रवण कर कठ वली विषे कहा है श्रुति प्रमाण

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु बुद्धिं तु सार
थिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च इंद्रियाणि हयानाहु नो
र्विषयांस्तेषु गोचरान् आत्मेंद्रिय मनो युक्तं भो
क्तेत्याहुर्मनीषिणः इति श्रुतेः इसका अर्थ कहते हैं
आत्मा कों रथी जान तु पुनः शरीर कों ही रथ जा
न तु पुनः बुद्धि कों सारथी जान और मन कों बागडो
र जान इंद्रियों कों घोडे जान और विषय रूपी मा
र्ग जान शरीर और इंद्रियां और मन इनों करके सहित
आत्मा कों संसारी कहते हैं विवेकी इस प्रकार श्रुति
कहते है इति अहेडी के दृष्टांत विषे तत्वज्ञान के उ
पदेश के निर्णय की युक्ती समाप्त हुई २५ एक पु
रुषने प्रश्न किया कि महाराज प्रारब्ध बडी है कि
पुरुषार्थ और सगुण की उपासना बडी है कि निर्गु
ण की उत्तर उनों नें कहा कि तेरे प्रश्नो उत्तर कों तो
हम जानें नहीं परंतु तेनें एक वार्ता कहते हैं तुं बु
द्धिमान होय तो समझ लीजो सोई वार्ता कहते हैं
दृष्टांत एक किसान वन विषे हल जोतेथा सो
खेत विषे लाल निकस आये उन लालों कों दे
ख करके किसान नें जाना कि इस खेत विषे अ
ग्न लग गया ऐसा जान करके हाथ लगा कर दे
खा तो कहा कि अग्नि तो नहीं है परंतु पथर हैं
सोई निकाल के खेत तें बाहर फें केथा इतने में
कोई जोहरी आगया उसने देखा कि लाल तो बडे

पृ.
५०
47

उत्तम हैं परंतु लालों वाला मूढ है और जोहरीनें
पूछा कि तुक्या करै हैं तब किसान ने कहा
कि खेतमें पत्थर हैं तिनकों गेरूं हूं बाहर तब उ
स जोहरी ने कहा कि मेंभी इनमें से लेलूं कुछ
तब किसान ने कहा कि उठाय लेवो मनमानते त
ब जोहरी नें कुछ लाल लेकर किसी राजाकी भे
ट दीनें वह राजा लालों कों देखके बहुत प्रस
न्न हुवा और कहा ऐसे लाल औरभी ल्याव तब
जोहरी नें कहा किमहा राज एक महान् राजा
है तिस्के मंदिर विषे ऐसे अनेक लाल हैं तिसेंमें
मांग लाऊंगा जोवह देवेगा तो तब राजानें कहा
कि ऐसे लालों करके संपन्न है राजा कोई तिस्कें में
अपनी पुत्रीदेऊंगा तब जोहरी नें कहाकि महा
राज जोतुम संबंध करो तो मुझे वचन प्रसाद दे
देयो तब राजानें प्रतिज्ञा करी किऐसें पुरुष कों
में अवश्य पुत्री देऊंगा तब जोहरी उस किसान
के पास आया और उस्का हल जोतनां छुडा दि
या फिर अपनें घर विषें लेगया औरलाल बहुत
से समेट लिये फिर तिस्कीसान कों विद्या पढाई
और और अच्छे वस्त्रऔर भूषण पहराये और हाथी
घोडे पर चढणां सिखाया और राजाके मिलनें
लायक बनाय करके बहुतसी सेनां साथलीनी
और बरात कों चढाय करके लालों कों लुटावता

हुवा उस राजाके पास पहुंचा तब उस राजानें विधिपू
र्वक आनंद सतीनामा अपनी पुत्री दीनी तिस पीछे
विवाहके तीन दिनो जब अतीत भये तब चतुर्थी क
र्म के अर्थ राजा महलमें बुलाया तब जोहरीनें कि
सान नृपी राजाको समझाया कि तूं किसीनें बोलि
या मत औरजो कुछ करै सो विचारके करियो ता
ब सुखकों पावेगा तब वह किसान नाम राजा म
हल विषे गया एक सखी साथ हुई अनेक प्रकार
के चित्राम बनें हैं जिस महल विषे और अनेक ।
सामग्री करके संयुक्त हैं तिनकों देखता हुवा जावे
था तिस चित्राम विषे एकस्थानों में एक रूप चा
लता हुवा बनाया था तिसकों देख करके मंदमुस
काया यह वार्त्ता सखीनें मनमें रख के और जाना ।
कियह नीचे कुलकाहै सोई राजाकी पुत्रीनें कह
दिया और किसान नाम राजा चित्र शाला विषेजा
करके बैठा तब राजाकी पुत्री संपूर्ण शृंगार करके
और बतर मुख दीपक प्रज्वलित है जिस विषे ऐ
सा थाल लेकर के सन्मुख आई तिसको देखकर
के किसान नाम राजाने ऐसा वचन कहा है कि
हां मुझे भक्षण किया ऐसा कह करके छेज को
पकड करके नीचे लटक गया तब वह राजाकी
पुत्री थाल मूंधा पटकके चली इतनेमें इस पुरु ।
षके विचार उपजा कियह तोमेरी स्त्रीहै ऐसा स

मरु करके उपर कों चढ आया और तिसस्त्रीकों प
कड कर के अंगमें लगाय लीनी जब सबकों प्रा
यु. ५० म हुवा अब दार्ष्टांति कहे हैं किजीव रूपी किसा
न संसार रूपी बन विषे हल बाहनें कर्म लगाक
रनें कर्म करते हुवें तिसपुरुष कों संस्कार रूपी ला
ल बहुत से कर्म भूमी विषे उदय कों प्राप्त हुवे।
तिनों को देख कर कें ऐसा जाना कि अग्नि के ला
गने स्थानी कर्मोंका लोप होगया फेर देखनेस्था
नी विचार करके समझा कि कर्मोंका तो लोपन
हीं हुवा परंतु पत्थर रूपी विघ्न उदय हुये हैं सो
वह पुरुष लाल रूपी संस्कारों कों कर्म भूमी में
नें बाहर गेरनें रूपी तिरस्कार करत भया प्रश्न क
र्मों नें तो संस्कार महान् हैं तिनका तिरस्कार के
से किया उत्तर सत भाई कर्महीं संस्कार की सार
क्या जाणें काहे तें अज्ञानोपहित चैतन्य है और
कर्म अज्ञान का कार्य हैं इसें इतने में गुरु रूपी
जोहरी आया तिसें देखा इसके संस्कार रूपी ला
लों तो उत्तम रूपी उजल हैं परंतु इसकी बुद्धी तो
मूढ है ऐसा जानकें पूछा कि तू क्या करें है इस
पूछने में चित्तकी स्थिति कर्मों विषे है किनंही
ऐसा निर्णय करे है तबकिसान नेंकहा किखेता
में पत्थर हैं तिनकों गेरूं हूं बाहर इसकरके या
ह कहा किसान रूपी जीवनें कर्मों विषे विघ्न उ

दे हुवे हैं तिनकों निवर्त करूं हूं तब जौहरी रूपी
गुरू नें कहा कि मैं भी इन्में नें लैने रूपी ग्रहण क
रूं तब किसान रूपी कर्मेष्टी नें कहा कि तुम उ
ठावनें रूपी मेरे विघ्नों कों निवर्त करो तब जौं
हरी रूपी गुरूनें कुछ कलाल रूपी संस्कार लेनें
रूपी समझ करकें किसी राजाकी भेट देनें रूपी।
ईश्वर कों सुनाये तब ईश्वर रूपी राजा लाल रूपी
संस्कारों कों देखने रूपी समझके बहुत प्रसन्न।
हुवा और कहा कि ऐसे लाल श्रोर भी लाव इस
कर के यह कहा कि ऐसे संस्कार और भी बना ओ
तब जौंहरी रूपी गुरूनें कहा कि हे महाराज रू
पी ईश्वर एक महान रूपी राजा कर्मेष्टी है तिस
के मंदिर रूपी कर्म भूमी विषे ऐसे अनेक ला
ल रूपी संस्कार हैं तिस्में मैं मांग लाऊंगा जो
वह देवैगा तो इस्करके यह कहा कि तिस्के संस्का
र जो और भी आपके सन्मुख करूंगा जो इस्की आ
पकी इछा होगी तो कि इछारूपी पुरुषार्थ करे
गा तो तब राजा रूपी ईश्वरने कहा कि ऐसे लालों
रूपी संस्कारों करके जो संपन्न है राजा रूपी कर्मे
ष्टी तिस्कों मैं अपनी पुत्री रूपी मुझ परमेश्वरकों
विषय करने वाली अवस्था यात्मका बुद्धि देऊंगा
तब जौं हरी रूपी गुरूने कहा कि हे महा राज रू
पी ईश्वर जो तुम संबंध करनें रूपी उसकों भक्ति

देवो तो गुरुकों वचन प्रसाद रूपी आज्ञा देवो तब ई
यु० श्वर रूपी राजानें प्रतिज्ञा के करने रूपी निश्चै किया
५८ कि ऐसे मुमुक्षु रूपी पुरुषकों अवश्य व्यवसायात्मि
क रूपी पुत्री हूंगा प्रश्न इसप्रकार ईश्वरकी प्रतिज्ञाक
हां कही है ईश्वरतो आप्तकाम है उत्तर गीताविषै
कहा है सोई कहै हैं येतु सर्वाणि कर्माणि मयि सं
न्यस्य मत्पराः अनन्येनैव योगेन मांध्यायंत उपास
ते १ तेषा महं समुद्धर्त्ता मृत्यु संसार सागरात् भवा
मि नचिरात् पार्थ मय्या वेशित चेतसां २ ॥इसकाअ
र्थ कहै हैं मुझ परमेश्वर विषै संपूर्ण कर्मो का स
मर्पण करके मेराध्यान कर्ते हुवें तथा पुनः अनन्य
योग करके कि एकांत भक्ति करके जो उपासना।
करे है कहे हुवे प्रकार करके मुझ विषै स्थित कि
याहै चित्त जिनोंने तिनों कों मृत्यु करके सहित सं
सार सागरतें में भले प्रकार उद्धार कर्ता शीघ्र क
र्केहोऊंगा इस प्रकार प्रतिज्ञा करी है ईश्वरनें त
ब जोहरि रूपी गुरु उस किसान रूपी उस कर्मा।
ष्ठी केपास आया ओर उस्के हल जोतने रूपी क
र्मको छुडाया फेर अपनें घर रूपी विचार विषैले
जावनें रूपी लगाया ओर बहुत मेल्लालों रूपी सं
स्कारों कों समेट कर्के फेर तिस किसान रूपीक
र्मेष्टी कों विद्या पढावने रूपी श्रवण कराया ओ
र अच्छे वस्त्र ओर भूषण रूपी नवधा भक्ति करा।

और हाथी और घोडे के चढावनें रूपी भक्तिका य
श दिखाया और राजा रूपी ईश्वर के मिलनें रू
लायक॥ पी सन्मुख के बनावनें रूपी स्थित किया औरब
हुत सी सेना रूपी विनयता और शीलकों आदि
लेकर संग लीनी और बरात के चढावनें रूपी मु
मुक्षुता करकें सहित लालों लुटाने रूपी वैराग्य
करकें संपन्न ऐसे मुमुक्षु कों राजा रूपी ईश्वरके
पास पहुंचा वनें रूपी सन्मुख किया तब ईश्वर
रूपी राजानें विधिपूर्वक रूपी संप्रदायक पूर्वक
अपनी अनंद मती नामा व्यवसा यात्मिक रूपी
पुत्री दीनी तिस पीछें व्यवा हके तीन दिन जब
बीत गये इसकरकें यह कहा कि व्यवसा यात्मक
बुद्धिके सन्मुख होने करकें श्रवण और मनन औरनि
दिध्यासन मुमुक्षु के तीनों भये तब चतुर्थी कर्म
रूपी साक्षात्कार के अर्थ राज महल रूपी मुक्ति
विषे बुलाया तब जौहरी रूपी गुरूनें राजा रू
पी मुमुक्षु कों समझाया कि उपदेश किया और
कहाकि तू किसीनें बोलियो मत इसकरकें यहां
कहा कि स्वरूप अनिर्वच नीय है और तथा वच
न भी कहना योग्य नहीं है परंतु वचन विनांतो
कछू कार्य बनता नहीं ऐसा कहा कहाहै जैसातु
म कहो हो हमारे तो सास्त्र प्रमाण है सोई कहें
हैं सर्व संग्रह कर्त्तव्य कोकाले फल दीयते आ

र्थ कहै हैं संपूर्ण संग्रह करने को योग्य है कोई प
पु० दार्थ किसी काल विषे फलदेवे है उत्तर मन वा
५९ दी हमारे श्रुति प्रमाण है सोई कहै हैं नानुध्या
यान् बहून् शब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्‌ इस
का अर्थ कहै हैं वेदांत शास्त्र ते अन्य बहु शास्त्रो
को मत कर निश्चे करके तिन अन्य शास्त्रोंनें वाणी
का वृथा प्रलाप होवेगा और कहाथा जोकछ्छ क
रै सो विचार करके करिये इस करके यह कहा
कि चेतन्य मात्रका ही विचार करियो तब आनं
द रूपी सवेको प्राप्त होवेगा तब वह मुमुक्षु रू
पी राजा महल रूपी मुक्ति विषे गया और एक
विचारात्मिक रूपी साखी साथ हुई और अनेक
प्रकार के अध्यारोपों को देख ने रूपी विचारता
हुवा चलने रूपी वृत्तिको बढावे था तिसचित्रा
म विषे एक स्थान में एक कूप चलता हुवा बा
नायाथा तिसका देख करके मंद मुसकाया इसक
के यह कहाकि आध्या रोपविषे किसे कर्मके फ
लकीयाद आई तिसके विचारनें करके ऐसी फुरीचि
तमें कि यह कर्मो काही फलहै इसते प्रसन्न हुआ
वा तब यह वार्ता रूपी व्यहार विचारात्मिक साखी
नें याद रखने रूपी ग्रहण करा औरजाना कि य
ह मुमुक्षु कलके नीचे स्थानी कर्म फल को चा
हे है ऐसा वृत्ति विषे निश्चय हुवा सोई राजाकी।

पुत्री रूपी वसायात्मिक बुद्धि विषे कहने रूपी।
स्थित किया और मुमुक्षू रूपी राजा चित्रशाला
रूपी मुक्ति मंदिर विषे बैठनें स्थानी स्थित भया
और यह विचारा कि ऐसा सुख उपासनां नें होवै
है मुक्ति रूपी चित्र शाला ब्रह्मलोक कों कहि।
ये काहेतें चार प्रकार की मुक्ति उपासनां विषे कही
है सालोक सारूप सामीप सायुज्य सो ऐसा श्राश्र
म ब्रह्मलोक कों कहिहै काहे ते तत्व ज्ञानीका
होवै है प्रश्न अच्छी कयोल कल्पित स्तुति बनाई
श्राये चारकों सभी उत्तम कहै है विना प्रमाण केह
मतो नहीं मानें उत्तर स्तनवादी मनुस्मृति विषे।
कहाहै सोई कहै हैं वेद वेदार्थ तत्वज्ञो यत्रकु
त्राश्रमे वसन् इहैव लोके तिष्ठन् ब्रह्म लोकाय
कल्पते १ इसका अर्थ कहै हैं वेद श्रोर वेदकाजो
श्रर्थ तिसके तात्पर्य कों जानने वाला पुरुष जि
स्किसी श्राश्रम विषे वसता हुवा इसही लोकवि
षे स्थित होत संतें ब्रह्मलोक के श्रर्थ जोग्यहै
तब राजाकी पुत्री रूपी व्यवसाया त्मिक बुद्धिसें
एणी श्रृंगार रूपी शुद्धिता करके संयुक्त चतसुख
दीपक प्रज्वलित रूपी चारों वेदका सार ज्ञानहै
ज्ञान कांड रूपी थाल विषे तिसकरके संपन्न स
न्मुख श्रावने रूपी उदय हुई तिस्को देख करके
राजा रूपी मुमुक्षू नें ऐसा वचन कहाकि हाय ९

मुझे भक्षण किया इस करके यह कहा किमें बुद्धि
यु. का दृष्य हुवा जो दृष्य होहै सोई परिणामी हो
प. वेहै यातें अप सिद्धांत हुवा ऐसा कह करके छजे
50 कों पकड करके नीचेकों लटक गया इस करके।
यह अर्थ हुवा किमें मुक्ति रूपी महल तें नीचे।
कों गिरनें लगा कि मुझे मुक्ति नहीं संभव होवे-
गी और छज्जे रूपी अभाना वरण कों पकड रहा
है अभाना वरण कहिये आपकों परोक्ष जाना।
नां तब वह राजाकी पुत्री रूपी अव सायात्मिक
बुद्धि थाल मूथा गेरनें रूपी वेद के सारकों त्याग
ती भई और चलनें रूपी मुख फेर गई इसकरके अ
ज्ञान सिद्ध हुवा सोई कहै हैं मामहं नजानामि
इसका अर्थ कहै हैं मेंआप कों नहीं जानता इसी
काल विषे ममत्व रूपी राजाके विचारके उपज
नें रूपी ज्ञान उदय हुवा और जानां कि यह मेरी
स्त्री है इस करके यह अर्थ हुवा कि मुझ विषे।
यह बुद्धी लय होने वाली है ऐसी समझ रूपी
विचार करके उपरकों चढ आवने रूपी ज्ञानात्म
क स्थित हुवा और अवसायात्मक बुद्धि रूपीस्त्री
कों अंग तें लगाव ने रूपी एकाता कों प्राप्त का
री नीचेकों लटकनां सोई अज्ञान है औरस्त्रीकों
थालके पटक नें करके अंधकार का होना सोई
अज्ञान विषे बुद्धि कालय होना है जब आपा

प्रकाश रूप उदय हुवा तिस विषे संपूर्ण सामिग्रीा
करकैं सहित अविद्या लय होगई एक स्वयं प्रकाश
आत्मा ही सिद्ध हुवा तब सबकी प्राप्ति रूपी पर
मानंद ही स्थित हुवा प्रश्न इसका प्रमाण कहां है
उत्तर स्मृति विषे कहा है सोई कहैं हैं स्थूल प्रपं
चं सर्व मपि स्थूल भूतेषु विलाप्य तद्व्यति रेकेण
तन्नास्तीति निश्चित्य स्थूल भूतानि समष्टि व्यष्टि
स्थूल शरीरं च सूक्ष्म भूतेषु विलाप्य तत्रापि पृ
थिवी मप्सु विलाप्य आपस्तेज सि तेजो वायौ वा
यु माकाशे आकाश मज्ञाने ऽज्ञाने चिन्मात्रे विला
पयेत् इसका अर्थ कहैं हैं स्थूल प्रपंच संपूर्णा
को इस थूल भूतों विषे लय करकैं तिन पंच भू
तों तें भिन्न करकैं सोप्रपंच नहीं है ऐसा निश्चया
करकैं स्थूल भूतों कों चपुनः समष्टि व्यष्टि सूक्ष्म
शरीर कों सूक्ष्म भूतों विषे लय करकैं तिन् विषे
पृथिवी कों जलों विषे लय करकैं जलों कों तेजा
विषे तेजकों वायु विषे वायुकों आकाश विषो
आकाश कों अज्ञान विषे और अज्ञान कों चेता
न्यमात्र विषे विशेष करकैं लय करै इसका युक्तिवा
य कहै है वेद विषे प्रसिद्ध कहै है जैसें तैनें एका
मैनेभी ^ वार्त्ता कही थी तैसी ^ प्रश्नका उत्तर समझ नेकी तू
जान प्रश्न हेभगवन् प्रारब्ध और पुरुषार्थ औरा
सगुण निर्गुणकी उपासना इसका निर्णय आप

पु॰
५१
51

आपने कहा तो सही परंतु में नहीं समझा तब प्र सिद्ध करकें कहा उत्तर हे सावधान मति श्रवण कर प्रारब्ध का फल तो लालों के निकलने तें ले करकें राजाकी पुत्री थाल लेकरकें आई तिस पर्यंत कहा और पुरुषार्थ काफल छत्तेतें ऊपर चढनें करकें अ गनें लगावनां मात्र कहा जोपुरुषार्थ नहीं कर्ता। तो माराही जाता और सगुण उपासना का फल ह ल रूपी कर्मके छुडाव ने तें लेकरकें व्यव साया। त्मिक रूपी स्त्रीके सन्मुख होने पर्यंत कहा और निर्गुण उपासनां का फल छत्तेतें ऊपर चढनें कों ले करकें वृत्ति के लय होनें पर्यंत कहा है इसा विषे पूर्व भाग कों आख्या शेष जान लेनां औरउ त्तर भाग कों अपवाद जांन लेनां इति प्रारब्ध पु रुषार्थ सगुण निर्गुण के निर्णय विषे ज्ञान स्व रूपकी प्राप्तिकी युक्ति संपूर्ण हुई २६ औरतत्त्वब्रह्म औएक पुरुषथा तिस्कों इसजगत नें दुःखहुवा सो उसने गुरोंके पास जाके प्रार्थना करी किहे प्रभोऐ सी कृपा करो मेरा जगत रूपी दुःख किसी प्रका र निवृत्ति होवे तब गुरोंने विचार किया कि जगत रूपी दुःखनें इसके किस द्वारे प्रवेश किया जोया। इंद्रिय द्वारेतें प्रवेश किया होगा तोतीर्थ करने क रके निवृत्ति होजायगा सोउसकों आज्ञा दीनी कि तूं तीर्थ यात्रा करतेरा दुःख निवृत्ति होजायगा त

व वह पुरुष संपूर्ण तीर्थ यात्रा करके आया फे
र तिसको गुरोंनें पूछा कि तेरा जगत रूपी दुःखनि
वृत्त हूवा वा नहीं हूवा तब उस पुरुषनें कहा किम
हाराज मैंतो बडा दुःखी हूं मेरा दुःखतो नहीं निवृ
त्त हूवा तब गुरोंनें विचार किया कि पादेंद्रिय द्वारे
जगत नें नहीं प्रवेश कियाथा फेर गुरोंनें उसकों
कहा कि तूं दान कर दान करनें तें तेरा दुःख निवृ
त्त होजायगा तब उसने सर्वदान किया फेर गुरोंने
उसें पूछा कि तेरा दुःखनिवृत्त हूवा तब उसपुरु
षने कहा कि तेरा दुःख नहीं निवृत्त हूवा तब गुरों
ने जाना कि पाणिंद्रिय द्वारेभी जगत नें नहीं प्रवे
श कियाथा तब गुरोंनें इसपुरुष कों कहा कि जा
प किया कर कदाचिद्वाणी द्वारे प्रवेश कियाहोगा
तो निवृत्ति होजायगा तब उसने जप किया फिर
गुरोंनें पूछा कितेरा दुःख निवृत्त हूवा तब उसनें
कहा महा राज मेराज मेरा दुःखनहीं निवृत्त हूवा
तब गुरोंनें विचार किया कि वाणी द्वारे जगतनें न
हीं प्रवेश किया फेर उसें कहा कि ध्यानकर कदा
पि नेत्र द्वारे प्रवेश कियाहोगा तोनिवृत्त होजाय
गा सोई इस पुरुषनें संपूर्ण देवताओंका ध्यानकि
या गुरोंनें पूछा कितेरादुःख निवृत्त होगया तबउ
स पुरुषनें कहा कि मेरादुःख नहीं निवृत्त हूवातब

तब गुरोंनें निश्चय किया नेत्रद्वारे जगत् नें नहीं प्रवे
श किया था फेर इसपुरुष कौं कहाकि कृच्छ्र चंद्रा
यु॰ यणादिक व्रतकर कदापि रसना द्वारै जगत् नें नहीं
५२ प्रवेश किया था फेर इस पुरुषकौं कहाकि कृच्छ्र चं
58 द्रा यणादिक व्रत कर कदापिरसना द्वारै प्रवेश किय
होगा तौनिवृत्त होजायगा सोउस पुरुषनें कृच्छ्र
चंद्रायणादिक व्रत किये फेर गुरोंने पूछाकि तेरा
दुःख निवृत्त हुवा उसने कहाकि मेरा दुःख नहीं
निवृत्त हुवा तब गुरोंने विचार किया कि रसनाद्वा
रै जगत नै नहीं प्रवेशकिया फेरउस पुरुष कौं कहा
कि तूं पंचाग्नि तपकरकदापि त्वचाद्वारै प्रवेशकिया होगा
तौ निवृत्त होजायगा तबउस पुरुषनें पंचाग्नि तपकिया
फिरगुरोंनें पूछाकि तेरादुःख निवृत्तहुवा उसपुरुषनें
कहाकि महाराज मेराज मेरा दुःखनहीं निवृत्त हूवा फेर
गुरोंनें निश्चय किया त्वचा द्वारैभी जगतनैनहीं प्रवेशकि
या तब गुरोंनें कहाकि अष्टांग योग कर कि कदापि घ्रा
ण प्राणरूपस्य द्वारै जगतनै प्रवेशकियाहोगातौ निवर्त
होजायगा फेरउस पुरुषनें अष्टांग योगकिया तबगुरों
नें पूछाकि तेरादुःखनिवर्त हूवा उसनें कहाकि महारा
ज मेरादुःख नहीं निवर्त हूवा तबगुरोंनें विचारकियाकि
इन तीनौंद्वार करकैभी जगत नेंनहीं प्रवेशकियाहै तब
गुरोंने ऐसानिश्चय किया किकर्णेंद्रिय द्वारै जगतनैं प्र
वेशकियाहै यातै उसपुरुषने कहाकि तूंश्रवणकर ते
रा दुःख निवृत्त होजायगा फेरउसकौं श्रवणकरवा।
या [illegible] करवाया

क्या श्रवण करवाया श्रुति स्मृति युक्ति दृष्टांत दा
ष्टांत फेर उस पुरुष कों पूछा कि तेरा दुःख निवा
र्ण हुवा तब उस पुरुषनें कहा कि महाराज आप
की कृपा तें अबतो में परमानंदकों प्राप्त हुवा प्र
श्न वादीका उत्तर जोकहा कि जिस द्वारे प्रवेश कि
या है तिसी द्वारे होके निकल जायेहे इसमें प्रमाण
क्या है उत्तर इसमें शब्द प्रमाण है तत्वमस्यादि क्वा
क्य और एक दृष्टांत कहेंहें जैसें एक घरका एक
द्वारथा और खिडकियां बहुतथी सोउस घर विषे
ऊंठ ने प्रवेश किया सो उस कों जोघरतें बाहर क
रिये तो जिस द्वारे प्रवेश किया है उसी द्वारे नि
कसेगा और द्वारे नहीं निकसेगा काहे तें औरद्वा
र छोटेहें इस प्रकार दृष्टांत जान लेना प्रश्न इस तु
म्हारे कहनें विषें श्रवण इंद्री बडी हुई सो श्रवण
इंद्री किस प्रकार बडी हुई उत्तर सुन भाई अइसप्र
कार बडी है कि वैकुंठ और कैलास ब्रह्म लोकादि
क लोकोंका अनुभव करेहे और किसी इंद्रीकीसा
मै नहीं है प्रश्न तुम्हु कहते होकि श्रवण इंद्रीद्वा
रे जगत नें प्रवेश कियाहे इसविषे प्रमाण क्या
उत्तर दृष्टांत रूप युक्ति प्रमाण है सोई कहेंहें कि
एक राजाथा तिसनें अपने मंत्री प्रति कहा किकेता
न पुरुषों की बुद्धि स्वतः ही विचित्र होती है ता

श्रवणइंद्री

म ^ बनाये नैंही विचित्र होती है राजा नैं कहा कि हम कैसें जानैं कि बनाये ^

ब मंत्रीनें कहाकि महाराज बुद्धि स्वतः विचित्र।
पृ. नहीं होवै है बनाये नेंही विचित्र होवै है फिर।
५३ राजानें कहा कि नहीं स्वतःही विचित्र होवै है फि
र मंत्री नें कहाकि बनाये नें बनें हैं तब मंत्रीनें क
53 हा कि महाराज आप आपना कंवर बी सवर्षकों।
हमें दीजिये तब राजानें कहा किले जावो सोई मं
त्री राजाके कंवरकों लेगया औरएकांत भवरे में ब
ठा दिया किकिसी पशु पक्ष्यादि कोंका भी शब्द।
नहीं सुना जाय और दोस्त्री उस्की टहलकों रखदी
नी और उन स्त्रियों कों कहा कि तुम दोनों एकही
समें नजाना भिन्न भिन्न जानो और खान पानकी
सुद्ध लेती रहनो और मुखतें बोल नो नहीं और।
बाहर निकसनें नदेनो सोइस ही प्रकार उस ल
डकेकों बीस वर्ष बीत गये किसीका शब्द नहीं
सुनाया एक किवाड के खुलनें का शब्दही सुनो
तब एक दिन मंत्री उस लडके के पास गया सोमं
त्री कों देखकैं लडका डरा तब मंत्री उस्का हाथ
पडकै भवरे के बाहर लाया तबचांद नो देखकै।
नेत्र मूंदने लगा औरभी डरा फेर उस्कों राजाके पा
स लेगया और कहा कि येतुम्हारे पिता हैं इनकों
नमस्कार करो तब उस लडके नें कहा कि हूं फेर
मंत्री नें कहा किये तुम्हारे पिता हैं इनकी गोदमें

जांवेदो फेर लड़केने कहा कि हूं तब राजाने कहा। कि क्यावार्ता है तब मंत्रीने कहा कि महाराज आ पका कंवर है आप कहते थे केतान् पुरुषों की बुद्धि स्वतः विचित्र होती है सो इस्का तो बड़ा भा ग्यहै कि आपके ग्रहमें जन्म हुवा फेरभी इस्की बुद्धि स्वतः विचित्र नहीं हुई कि एक किवाड़ के। खुलने का हूं शद्ब सुना है सोई यादहै तब राजा नें कहा सत्यहै स्वतः विचित्र तो नहीं होती परंतु अब इस्का क्या उपाय है फेर मंत्री नें कहा कि। महाराज फेर मुझें वी सवर्ष कों देवो तवराजा नें कहा लेजावो सोई मंत्री उस लड़के कों लेगया ओर चार पंडित बदा दिये उसके पढावनें कों ओर कहाकि इस्कों षटशास्त्र कों आदले के राजनीत ओर चातुर्यता ओर संपूर्ण बोली ओर व्यवहार सब सिखा के बुद्धिवान् बनावो तब पंडितोंनें उसकोंम हान् पंडित बनाया तब मंत्री लड़के कों राजाके पास लेगया ओर राजा पुत्र तेमिल के बहुत प्रस न्न हुवा ओर अंक भर लिया फेर राजाने मंत्रीनें कहा कि तेरा बचन सत्यहै ओर तूं स्तुति केयोग्य है इसही प्रकार दृष्टांत कोंभी युक्ती रूप जानली। जो इसका क्रम यह है कि राजा स्थानी ममत्त्व ओ र मंत्री स्थानी गुरू ओर पुत्र रूपी जीव कहा है प्रथम राजा रूपी ममत्त्व ओर मंत्री रूपी गुरू ऐसा

कहने विषे विरुद्ध आवे है गुरुका पद नीचा कहा
१- और शिष्यका पद ऊंचा कहा उत्तर वेद विषे कहाहै
५५ राजा जनक और शुक देवजीका प्रसंग गृहस्थ आ
श्रमी राजा जनक नीचे पद वाला तिस्कों गुरु क
हाहै और शुकदेव जी संन्यासी थे चौथे आश्रम वा
ले तिनकों शिष्य कहाहै प्रश्न वेद में शब्द प्रमाण
कहे हैं तिस विषे मुख्य करकें शब्दही कों माना
हो इसमें प्रमाण क्या उत्तर कहाहै नैष्कर्म सिद्धि
विषे सोई कहैं हैं नित्य मुक्त त्व विज्ञानं वाक्याद्भ
वति नान्य तः वाक्यार्थ स्यापि विज्ञानं पदार्था
स्मृति पूर्वकं १ अन्वय व्यति रेकाभ्यां पदार्थस्मा
र्यते ध्रुवं एवं निर्दुःख मात्मान मक्रियं प्रतिप
द्यते २ इन दोनों का अर्थ कहैं हैं नित्य मुक्तहूं।
ऐसा ज्ञान तत्वमस्यादिक वाक्य ते होवै है वाक्य
अर्थ का ज्ञान करकें निश्चय करकें पदार्थ की स्मृ
ति पूर्वक होय १ अन्वय और व्यतिरे क दोनों क
रकें पद का अर्थ निश्चै करकें स्मरण करिये है
कहे इवे प्रकार करके दुःख रहित आत्मा अक्रि
य कों प्राप्त होवै है वार्तिक कार नें भी कहाहै
सोई कहैं हैं तच्छत्वा दविद्या आत्मत्वा द्वोय रू
पिणः शब्द शक्ते रचिंत्य त्वा द्विद्मस्तं मोह हान
तः इसका अर्थ कहैं हैं तिस अविद्या कों तुच्छ
होने ते आत्मा कों ज्ञान स्वरूप तें शब्द शक्तिकी

अविंसतैं अज्ञान के नाश होने तें तिस आत्म स्वरूप
कौं जानें हैं प्रश्न यज्ञ दानादि अनेक साधन हैं मोक्ष
के तिनकौं त्याग करकै एक विचार ही कौं मुख्य क
कैं मानोहो इसका प्रमाण कहां है उत्तर श्रीशंकर
स्वामी जीनें आत्म बोध विषै कहा है सोई कहैं हैं
बोधोहि साधने भ्योहि साक्षान्मोक्षैक साधनं पाक
स्य वह्निवज्ज्ञानं विना मोक्षोन सिध्यति २ इसका अ
र्थ कहैं हैं तपमंत्र कर्म योगादिक अनेक साधनों
तैं निश्चय करकै ज्ञान साक्षान्मोक्षका एकही सा
धनहै यहां दृष्टांत कहैं हैं जैसें पाकके अनेकसा
धन होनेतैं भी एक अग्निही साधन है तिसीकी
न्याईं ज्ञानकेविना मोक्ष नहीं सिद्ध होवै है २ इति
श्रवण द्वारै ज्ञान होनेके निर्णयकी युक्ति पूर्ण हुई
अथ युक्ति लिखते दृष्टांत किसी पुरुषकौं सर्पनें
काटा सोपुरुष सर्पके विष करकै व्याकुल भया औ
र गारुडके निकट गया और गारुडतें प्रार्थना करी
कि मुझकौं सर्पनें काटाहै तिसके विष करके अति
व्याकुल हूं मेरे विषकौं निवारण करे तब उसगा
रुडनें उस पुरुषकौं झाडादिया उसके झाडदेनें क
रकै उस पुरुषकौं कछु क्षणमात्र सुख हुवा फि
र वैसाही दुःखहोगया तब दूसरे गारुडके निक
ट गया और उस प्रकार प्रार्थनाकरी तब दूसरे।

पु० ५१
55

गारडु नेंभी उस प्रकार का झाड़ा दिया फिर उसपुरुष
कों कुछ सुख हूवा फिर वैसाही दुःखहोगया त
ब वह पुरुष तीसरे गारडु के निकट गया उसही
प्रकार प्रार्थनां करी उसके भीझाड़ा देनें नें कुछसु
खहुवा फिर वैसाही दुःखहोगया तबचौथे गारडु
के पास जाकर के उस पुरुषनें प्रार्थनां करी किम
हाराज मुझकों सर्पनेंकाटा है सोमेरे विष चढ्याहै
और मैंब्याकुल हूं करुणा करकें मेरे दुःखकों नि
वारण करो तब उसपुरुषनें कहा कि सर्प इस बांवी वि
षैहै तब उस चौथे गारुडनें एक सर कंडाले करची
रा दोभाग करे और एकमंत्र पढके उसकी बांबी
विषै डालदिया वह सर कंडा उस सर्पकों पकड
कर के बाहर लेआया तब उस गारुडूनें उस सा
र्पकों कहाकि तूंनें इस पुरुषकों क्यों काटा तब
उस सर्पनें कहा कि यह पुरुष मुझकों छेड़ताथा
फिर उस गारुडनें उस सर्पकों कहा कि इसकोंला
ग करकें इसका विषतूं खेंच ले इसही प्रकार सर्प
नें जहां काटाथा वहीं लगकरकें विषखेंच लि
या और सर्प चलागया अबदार्ष्टांत कहै हैं जीवरू
पी पुरुषकों मनरूपी सर्पनें काटा देहादिकके
अभ्यास रूपी विषकर के व्याकुलभया और कर्मकों
डके आचार्य रूपी गारडुके निकट गया औरप्रा

र्थना करी कि महाराज मेरा जन्म मरण रूपी दुः
ख निवारण करो तव उस कर्मकांड के आचा
र्य रूपी गारुडनें झाडा रूपी उपदेश किया
तिस्के कर्म रूपी झाडे करकें थोडे सुखस्थानी
स्वर्गादिक के भोग कों भोग करकें फिर दुःखकों प्रा
प्त हुवा फिर उपासना के आचार्य रूपी दूसरे गारु
डके निकट गया और प्रार्थना करी उसनें भी उसा
ही प्रकार झाडा रूपी उप देश किया तिसके उ
पासना रूपी झाडे करके थोडे सुखस्थानी वै
कुंठादिक सुखकों भोग करकें फिर दुःख कोंप्रा
प्त भया फिर पतंजल के आचार्य स्थानी तीसरे
गारुड के निकट गया और उसही प्रकार प्रार्थना
करी तिस्के अष्टांग योग रूपी झाडे करकें थोडे
सुख स्थानी ब्रह्मांड के स्थित रहने पर्यंत सुखभो
ग करकें फिरदुःखकों प्राप्त भया तव चौथे गार
ड स्थानी ज्ञान कांडके आचार्य निकट गया और
प्रार्थना करी कि महा राज मुझकों मन रूपी स
र्पनें काटा है और तिस्के देहा दिक आध्यास रू
पी विष कर के अति व्याप्त है मेरे दुःखकों नि
वारण करो तव उस आचार्य रूपी चौथे गारुड
नें पुछा कि मन रूपी सर्प कहा है तव उस जी
व रूपी पुरुषनें कहा कि विषय रूपी वांवी विषे
है तव उस आचार्य रूपी गारुडनें सरकंडा स्था

नी तत्व मसि श्रुतिके चीरनें रूपी तत्व पदकों भि
यु. न्न किया औेर मंत्र स्यांनी इस महा वाक्य के अर्थ
५६ करके डाल देनें स्यांनी उपदेश किया क्याकि तो
ब्रह्म त्वं असि इस्का अर्थ करे हैं सोब्रह्म तूंहै सो
वह सर कंडे स्यांनी श्रुति औेर तिस्के अर्थस्यांनी
मंत्र करकें उस मन रूपी सर्पकों विषय रूपी बांबी
नें बाहर निकाला तब उस ज्ञान कांड के आचा-
र्य रूपी गारडुनें मन रूपी सर्पते पुछने स्यांनी ।
कहा कि इस पुरुषकों काटनें स्यांनी विषयों वि
षे चंचलता करकें कों दुःख दिया है तब उस म
न रूपी सर्पनें कहाकि यह जीव रूपी पुरुष मेरे
कों छेडनें स्यांनी प्रेरना करे है तब उस आचार्य
नें कहा कि इसकों लगनें स्यांनी अपने स्वरूप वि
षे एक ताकी प्राप्त होजांवे औेर विष खेंचनें स्यां
नी इस जीव रूपी पुरुषकों देहादिक अध्यास नें
निवारण कर इसही प्रकार मन रूपी सर्पनें कि
या औेर चले जांनें स्यांनी लयहोगया तब वह
पुरुष अच्छे होनें स्यांनी परमानंद कों प्राप्त भया
कि परमानंद स्वरूप विषे स्थित भया प्रश्न इस
विषे प्रमाण क्याहै उत्तर श्रुति प्रमाण है अहंक
र्तेत्यहमान महा कृष्णा हि दंशितः नाहं कर्ते ति
विश्वासा मृतं पीत्वा सुखी भव १ इस्का अर्थ क
हे है में कर्ता हुं ऐसा जो अभिमान सोई भया

महा काला सर्प जिसनें काटा तूं में कर्ता नहीं
ऐसे विश्वास रूपी ः मृत कों पीकर के सुखी
हो १ इति युक्ति सर्प काटने के दृष्टांत विषे ज्ञान
होनेंकी पूर्ण हुई १८ अथ युक्ति लिखनें दृष्टा
न कहें हैं एक सांडथा सो गवों के संग चरता फि
रा करे और संतान भी उत्पन्न करे बहुत मग्न रहा
करे एक दिनों चरता चरता किसी के खेत विषे
जा वड़ा उस पुरुषनें लाठीनें पीटा और सींगदो
नों तोड़ गेरे और भार कसके वस करके हलनें
बांध दिया और तृण और जल थोड़ा भोजन दिया
और जब उस सांड़का सार बल निकल गया तब
पांच कोस तक सीमथी उसकों पांच कोश का
बाहर निकास आया वह सांड अति प्रसन्न हुआ
वा विचरे है दार्ष्टांति कहें हैं अहंकार रूपी सांड
है इंद्रियों रूपी गवोंके संग शब्दादिक विषयोंकों
भोगता फिरे है और रागद्वेष रूपी संतानभी उत्प-
न्न करेहै इन विषयोंही विषे जानें रूपी सन्मुख
होकर के ब्रह्म विद्या रूपी चारेकों चरनें लगा
उस ज्ञानी पुरुष नें विचार रूपी लाठी नें पीटा
और पाप पुण्य रूपी दोनों सींग तोड़गेरे और वै
राग्य रूपी भार कसनें वेद रूपी हलनें बांधदि
या और श्रवण मनन निदिध्यासन रूपी चारा
और जलदी या तब उसका अभिमान रूपी ब

ल निवृत्त भया तब पांच कोशरूपी अन्नमयादिक
यु. पांच कोशों नें बाहर निकाल दिया सो वह सांडरू
५७ पी पुरुष परमानंद हुवा विचरै है प्रश्न उस विवे
57 की पुरुषनें पंच कोशोंतें विलक्षण तो कर दिया प
रंतु वैराग्य रूपी जेवडा उसके संगहीं छोडा अथ
वा खोल दिया ~~जोकहो कि वैराग्य रूपी जेवडा उ~~
~~सके संगहीं छोडा अथवा खोलदिया~~ जोकहो
कि वैराग्य रूपी जेवडेनें बंधरह्या है तो मुक्तिक्या
हुई काहेतें वैराग्य भी बंधन ही है किनें महार
ह्या है इसतें और ज्ञानीकी दशा अनेमी कहीहै
और जो कहो कि वैराग रूपी बंधन तोडदिया
का तो स्वेचारी वर्तैगा चाहैगा जैसा अनर्थ करैगा
औरभी कहै हैं व्यवहार में तो सांडके छोडनें
वाले जेवडा बैलका खोल लिया करै हैं सो
तुमनें कैसा वरनन किया उत्तर सुन भाई वैरा
ग्य रूपी जेवडा खोल लिया है और जोतू क
है कि वैराग्य विनां विपरीत वर्तैगा तो अभि
मानरूपी बलतो उसके हैही नहीं विपरीत का
हेतें वर्तैगा जिनें साधनों नें ज्ञान भया है तो सा
धन स्वरूप सूतही रहै हैं इसका विशेष निर्णय
ज्ञानी और अज्ञानी के व्यवहारके निर्णय की यु
क्ति विषे कह्या है देखलीजि यो देखले वारी व्य
व हार विषे भी छूट गया प्रश्न केवल पंचको

षोंके विचार तें ज्ञानहो वे इसका प्रमाण कहो उ
त्तर स्मृति विषे कहाहै असंग आत्म स्वरूप काजो
ज्ञान तिस्के विचार के प्रकार कहैं हैं वपुस्तषा दि
भिः कोशै र्युक्तं युक्त्या वघात तः आत्मान मंत
रे शुद्धं विविच्या त्तंडुलं यथा १ इसका अर्थ कहैं
हैं अन्न मयादि क पंच कोशों करकै सं युक्तश्रं
तर शुद्ध आत्मा कों युक्ति पूर्वक विचार करके
जाननें कों योग्य है जैसें तुषादि करकें संयुक्त चा
वल कों युक्ति कर के छुडने तें इति सांडके दृ
ष्टांत विषे ज्ञान होनेकी युक्ति पूर्ण हुई २९ ॐ
अथ युक्ति लिख्यते ॥ॐ किसी राजाके चित्त वि
षै वैराग्य उपजा है तिस राजानें किसी महात्मा
के निकट जाय करकें प्रार्थना करी किमहाराज
ऐसी कृपा करो जोसंसार रूपी दुःखमेरा निवृत्त
होय सोतिस महात्मा नैं कहाकि तूंही आपने
ऊपर आप कृपा करो तब तेरा दुःख निवृत्त हो।
यगा तबतिस राजानें कहाकि महाराज आप
यह क्या कहोहो में आपने ऊपर किस प्रकार कृ।
पा करूं तब उस महात्मानैं कहाकि यह संपूर्ण
सामिग्री जोतें नें संग्रह करी है इसही तें तेरे दुःख
हैजो तू इसकेंात्याग देवै तो अवही सुखीहो जाय।
यही आपनें ऊपर कृपा करनी है पदार्थका त्याग

मन करके होताहै ऐसा मन बनाउ जो पदार्थका
पृ. त्याग करै और दुःखतें छुडावै प्रमाण इस्का प्रमा
५८ ण कहां कहाहै उत्तर गीता विषे कहा है श्रीभग
58 वान नें उद्धरे दात्मना त्मानं नात्मान मवसा दयेत
आत्मैव ह्यात्मनो बंधु रात्मैव रिपु रात्मनः १ इस्का
अर्थ कहै हैं हे विचार युक्त मन करके आत्माका सं
सार तें उद्धार करै तु पुनः नहीं नीची गति कों ले
जाय इसीकारण तें मन संगतें उपराम हुवा आ
त्माका उपकार कहै ओर जो विषयों विषे आसक्त
है मन सो आत्मा का शत्रु है १ इसतें विषयोंकी
आशक्ति के त्याग सेती मोक्त होहै और विषयाश
क्तितें बंध ऐसा जानकर रागादि क स्वभाव कों
अवश्य त्यागदे तब वह राजा यह वार्ता सुन क
रके आपने स्थान विषे गया उसने खड्ग लेकर संपू
र्ण हाथी घोडे ऊंट बैल सामिग्री थी तिनों कों जे
बडे काटदिये ओर द्रव्यके भंडार कों आदि लेकर
के संपूर्ण सामिग्री लुटाइ दीनी और सारी सेना
कों विदा कर दिया अकेला राजा ही रहा राजानें
इस अर्थ त्याग किया था किमेरा दुःख निवारण
होगा सोराजा का दुःख निवृत्त नहीं भया तबफि
र उस महात्मा के निकट गया ओर जाकर प्रार्थना
करी कि हेभगवन् मेरादुःख नहीं वर्तभया मेरेतो नि
दुःख ओर अधिक होगया मेंने संपूर्ण सामिग्रीका

त्याग कियाभी परंतु दुःख करके आकुलहूं तबा।
गुरों ने कहाकि तैंनें त्याग नहीं किया जैसें को।
ई दुखी पुरुष वैद्य के निकट गया उसवैद्य नेंऔ।
षधि बताई और फिर कह गया कि मेरा दुःखा।
नहीं निवर्त भया तब वैद्यनें जाना कि औषधी।
नहीं खोई ओर जो खोई तो बिपरीत करके खोई
तो नहीं खोई बरा बर है सोई ऐसी गति भई रा
जा तेरी तैंनें त्याग नहीं किया करता तो निश्चे
करकै सुख कों प्राप्त होता तब राजानें कहाकि
भगवन् बल करके देखो मैं ने सामिग्रीका। संपूर्ण
त्याग कर दियाहै तब गुरु शिष्यके स्थान परग
ये ओर कहाकि तू सच्चाहै त्यागतो तैं ने किया।
है परंतु बाह्य त्याग कियाहै आंतरीय त्याग न
हीं किया तेरे यह संपूर्ण सामि ग्री एक तिलव
त बर स्थान विषे वड गई जिस सामिग्री के रह
नें का कोशों विषे स्थान था सोसंपूर्ण सामिग्री
अति सूक्ष्म देश विषे प्रवेश कर गई कहो विशे।
ष दुःख होय कि नहीं होवे जहां ऐसीभीड भई
है तब राजानें फेर प्रार्थना करी कि महाराज
मैं क्या करूं तबगुरोंनें कहा कि यह गंगाहै इस
विषें गोता मारजा ओर उसके परले किनारे जा।
कर के वृक्ष जोदीखे है तिनों के नीचे जाय बैठ।

तेरा संपूर्ण दुःख निवृत्त होजाय गा वहां इस दुः
पु. ख का बल नहीं चलता फिर इधर कों झांकक
५५ रकै मुखकों फेर लीजो तबदुःख का असंता भा
व होजाय गा ऐसे दार्ष्टांत कहे हैं कि जीव रूपी रा
जानें वैराग्यके उत्पन्न होने तें दुःखकी निवृत्तिके
अर्थ गुरोंकी आज्ञा लेकर कै पदार्थों के त्याग क
नेके अर्थ वर्ण आश्रम के धर्म रूपी जोजेव डे
थे सोकाट दिये और जीव रूपी राजानें सेना के
त्यागनें स्थानी संपूर्ण जाग्र की सामिग्री का त्या
ग करदिया जब जीवरूपी राजाकों पदार्थोंका
स्मरण हुवा तब दुःख हुवा इसमें गुरों नें तो जा
ग्रत विषे उपदेश किया था परंतु शिष्य कें ज्ञा
न नहीं भया .फिर गुरों नें प्रश्न किया कि भग
वन मेरा संसार रूपी दुःख नहीं निवृत्त भया त
ब गुरोंनें कहा कि तेंनें त्यागही नहीं किया जो
तूं त्याग करता तो शेष तूंही परमानंद रहता इ
सी पर गुरोंने वैद्य कादृष्टांत भी कहा सोदार्ष्टां
त राजानें वतों प्रश्न कि महाराज दुःख क्यों न
हीं निवृत्त भया तुम चलकर देख लो मैंनें सर्व
त्याग किया है तब गुरोंनें आकर कै देख्या क्या
कि तिसके विचार की परीक्ष्या लीनी तो अधिष्ठा
नका ज्ञान शिष्यकों नहीं भया उत्तर तब गुरों

ने कहा कि यह संपूर्ण सामिग्री तेरे सूक्ष्म स्थान
रूपी चित्त विषे वड गई है ~~तिसको तिल प्रमाण~~
~~कहाथा सो सामिग्री विषे वड गई है~~ तिसको।
तिल प्रमाण कहा था सो सामिग्री अब सूक्ष्म
स्थान विषे प्रवेश कर गई है फिर दुःख किसका
रन होवे तब जीव रूपी राजाने प्रार्थना करीकि
भगवान् मेरा दुःख निवारण करो इसकरके॥
गु^ क्या निश्चे भया कि ^रों ने स्वप्न विषे उपदेश किय
फिरभी शिष्य कै ज्ञान नहीं भया प्रश्न भलाभा
ई स्वप्न विषे किस प्रकार उपदेश किया उत्तर सु
न भाई स्वप्न विषे इस प्रकार उपदेश किया कि।
जीव रूपी राजानैं जाग्रत की सामिग्री संपूर्णत्या
ग दीनी तब चित्त विषे बाहर तै निकस कै सामि
ग्री जाय पडी सोई स्वप्न भया और सूक्ष्म स्थानजो
कहाथा सोपुरीत तीना^कंठ की कही थी उसैं बा। ड़ी^
ह तिल बराबर चित्त प्रवेश कर गया वहां जोसा
मिग्री देखी सो स्वप्नका स्थानथा तो स्वप्न विषे।
भीशिष्य कों स्वयं ज्योतिका उपदेश किया क्याकि
तेरे भीतर जो सामिग्री प्रवेश कर गई है तिसका
द्रष्टा तूही है यही स्वयं ज्योति का उप देश कि।
या शिष्यका जोदुःख निवृत्त नहीं भया इसैं
यही प्रतीति भई कि ज्ञान नहीं भया तबगुरों।

नै सषुप्ति रूपी गंगाजी विषे गोता लगानें का उपदे
प्र. श किया सोयह कहाथा कि सषुप्तिहीं के सावकें
६: तूं अपना स्वरूप नहीं मानता कि यही स्वह आ प्र
60 नंद है और गंगाके पारजो बृत्त कहेथे सोतुर्या वा
स्था का उपदेश किया है और इधर को झांकनेस्यें
नी यह कहा कि तीनों अवस्था का तूं साक्षी है तु
र्या और मुख्यके फेरनें स्यांनी यह कहा कि तुहीं
तुर्या तीत है निर्विकल्प समाधि स्थित तुर्यातलक
तो सवि कल्प समाधि कही और तुर्या तीत करकें
निर्वि कल्प समाधि का उपदेश किया प्रश्न इसपर प्र
माण कहो उत्तर श्रुति प्रमाण है जाग्रत स्वप्न सु
षुप्त्यादि प्रपंचं यत्प्रकाशते तद्ब्रह्मा हमिति ज्ञात्वा
सर्व बंधैः प्रमुच्यते अस्यार्थः जाग्रत और स्वप्न औ
र सुषुप्त्यादि क प्रपंच कों जो प्रकाशे सोई ब्रह्म
मेंहूं ऐसा ज्ञान करकें संपूर्ण में और मेरा इन बंध
नों तें निवर्त होयहै प्रश्न प्रभुसवि कल्प औरनि
र्वि कल्प समाधि किसप्रकार सिद्ध होय है इसकों प्रमा
ण कहो उत्तर स्मृति विषे कहा है सोई कहैं हैं सत्व
रजस्तमो गुणात्मिका शांति घोर मूढ वृत्तयः त
त्र शांतिः सात्व सौदार्थ्यं वैराग्य चचौरस्त कामलो
क्रोध भैस्तृसा मूढः मोहो भ्रांतिः एतासां वृत्ती नां हृद
ये यत्स्फुरणं तद्दृश्यं तस्य द्रष्टा साक्षी अनुस्यूतोह

ह्मिति दृश्यानु विद्ध अंतरीय सवि कल्पक समा
धिः १ वृत्तीनां त्रिगुणात्मक त्वादसंगोह्मिति श
ब्दानु विद्ध अंतरीय सवि कल्पक इति चोच्यते २
अथ बाह्य सूर्यादि कस्य द्रष्टा साक्षी अनुस्यूतो ह
मिति दृश्यानु विद्ध सविकल्पक समाधिः ४ सूर्या
दिकाद संगोह्मिति शब्दानु विद्धः ५ एतदुभय
विकल्पास्फुरण निर्विकल्प समाधिः ६ इस्का
अर्थ कहैं हैं सत्व रज तम त्रिगुणात्मिक शांतिघो
र मूढ वृत्तियां हैं तहां शांति वृत्ति विषे सत्व ऊरउ
दारता वपुनः वैराग्य है तपुनः घोर वृत्ति विषेका
म ऊर लोभ क्रोध ऊर तृस्ना है मूढ वृत्ति विषे मो
ह ऊर भ्रांती है इन वृत्तियोंका हृदय विषे जो फुरना
सो दृश्य है तिस्का द्रष्टा साक्षी अनुस्यूत मैं हूं इस्प्र
कार दृश्या नुविद्ध अंतरकी सविकल्प समाधि है
१ वृत्तियों कों त्रिगुणा त्मकत्वतें असंगमें हूं इस प्र
कार शब्दानु विद्ध भीतर की सविकल्प समाधि है
२ हृदय विषे इन दोनों विकल्पोंका जो नहीं फुर
ना सो असंप्रज्ञात समाधि है तिसीकों निर्वि का
ल्प वपुनः ऐसा कहै हैं ३ अब बाहरकी समाधि
यां कहै हैं सूर्यादिक का द्रष्टा साक्षी अनुस्यूत मैं
इस्प्रकार दृश्यानु विद्ध सवि कल्प समाधि है ४
सूर्यादिक ते असंग मैं इस्प्रकार शब्दानु विद्ध सा

माधि ५ इन दोनों विकल्पों के नहीं फुरने तें निर्विक
यु० ल्प समाधि कहे हैं इति निषेध और विधि द्वारे ज्ञान
६१ के होनेकी युक्ति पूर्ण हुई ३० ॐसच्चिदानंद ब्रह्मणे
नमः अथ युक्ति लिख्यते ॐवादीनें प्रश्न कियाकि
ज्ञानी की अवस्था ऐसी है जैसी बालक की अवस्था
तिसकें शुभ और अशुभका अनुसंधान नहीं है जैसें
एक राजाका बालक था उसनें राजाकी गोद विषे
बैठ कर राजाकी मुछ पकड लीनी तब राजानें क्रो
ध किया कि इस बालक कों मार डालो तब मंत्री
नें कहा और पंडितोंनें कहा और पंडितों ने कहा कि
महाराज यह बात अयुक्तहै यह बालक है इसको
आपके महत्व का अनुसंधान नहीं है और शुभअ
शुभकों नहीं जानता राजानें कहाकि येहम कैसें
जानें तब मंत्री सर्पकों मंगाय करके सर्प्पवालो
नें कहा कि इस सर्पका मुख पकडके इसबालक
के आगे छोडदे उस नें सर्प्पकों छोडदिया बाल
कनें सर्प कों पकड लिया तब राजा कों निश्चै भ
ई कि बालक कों शुभ अशुभ का अनुसंधान न
हीं है सोऐसी अवस्था ज्ञानीकी है उत्तर सिद्धां
तीका कि ऐसी अवस्था ज्ञानीकी नहीं है यह
तो अवस्था मूढ की है और ज्ञानी का अंतःक
रण कैसाकि मदादा शिलाकी न्यांई है और आ

ज्ञानीका अंतःकरण कैसा है किसुद्ध दर्पण कीनाई

याई है कि दर्पण के सन्मुख जो पदार्थ करिये

तिस विषे सोई भान होता है और मुदा दशिलके

सन्मुख जो पदार्थ करिये तिस मुदा दाशिल वि

षे केवल एक मोर ही भान होता है इसही प्रका

र ज्ञानी के सन्मुख जितना कुछ पदार्थ है सोई

संपूर्ण एक चैतन्य मात्र ही भानहोय है और इस

रा विकल्प नहीं उठता और अज्ञानी जोहैं॰ तिस

पदार्थ केही आकार उसकी हृती होजाय है क्या

कि नानात्व जगत ही उसको भान होहै चैतन्य

विषे दृष्टी नहींहै प्रश्न जोतुम ज्ञान कहतेहो कि

ज्ञानीकों एक चैतन्यमात्र ही भान होताहै इस

रा विकल्प नहीं होता तौकहो शिष्यकों अध्या

रोप और अपवाद लेकर कै उपदेश किस प्रका

र कौरैहैंगो उत्तर सुन भाई ज्ञानी के इसरा विकल्प

नहीं होता केवल शिष्य के विकल्प कों लेकरकै

उपदेश कौरैहै किस प्रकार कि जैसें माताजोहै

बालक जब कुछ उतपात करता है तब उसकोंहा

ऊ बतावै है सोसुन माताकी दृष्टी विषे हाऊती

